# कार्यालय नगर पालिका परिषद बहराइच

पत्रांकः 2065 / रा0वि0आ0–पा0नि0 / नि0कार्य / टेण्डर / 2024–25 दिनाँकः 25 फरवरी, 2025

**अति अल्पकालिक निविदा सूचना**

वित्तीय वर्ष–2024–25 में निर्माण कार्यों हेतु नगर पालिका परिषद बहराइच के साथ–साथ अन्य विभागों में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों (जिनके हैसियत / चरित्र प्रमाण–पत्र निर्धारित समय सीमा के अन्दर के हों) को सूचित किया जाता है कि रा०वि०आ० / पा०नि० के अन्तर्गत स्वीकृत कार्यों में से रु0 5.00 लाख से कम के निम्नलिखित 17 निर्माण कार्यों हेतु जी०एस०टी० रहित ऑफलाइन सीलबन्द निविदायें निम्नलिखित शर्तों के अधीन दिनांकः 10.03.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। निविदा के साथ 02 प्रतिशत धरोहर धनराशि की एन०एस०सी० / एफ०डी०आर० / टी०डी०आर० / सी०डी०आर० जो अधिशासी अधिकारी के पद नाम से बन्धक हो, जमा करना होगा। निविदा प्रपत्र नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग से निर्धारित मूल्य जमा करके दिनाँकः 06.03.2025 को प्रातः 10:00 बजे से सायं 05:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं। प्राप्त सभी निविदाओं अथवा न्यूनतम निविदा को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय को होगा। सशर्त निविदायें स्वीकार नहीं की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्राप्त होने या खोलने की तिथि पर कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा प्राप्त होने या खोलने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी। स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी। सम्बन्धित निविदा सूचना नगर पालिका परिषद, बहराइच की वेबसाइट www.bahraichnpp.in पर उपलब्ध हैं।

| क्रम संख्या | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (18% GST रहित) | 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र मूल्य | 18% GST | निविदा प्रपत्र का कुल मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | रेहुवा कालोनी के सामने नाली, क्रासिंग एवं इंटरलाकिंग का सुधार का कार्य। | 184312.00 | 3690.00 | 180.00 | 32.00 | 212.00 | 1 माह |
| 2 | मो0 दरगाह शरीफ के विभिन्न स्थानों पर नाली क्रासिंग एवं इंटरलाकिंग का कार्य। | 274931.00 | 5500.00 | 270.00 | 49.00 | 319.00 | 1 माह |
| 3 | पीपल तिराहा से महराज सिंह स्कूल तक साइड पटरी पर नाली एवं इंटरलाकिंग का कार्य। | 255151.00 | 5110.00 | 250.00 | 45.00 | 295.00 | 1 माह |
| 4 | मो0 ढपालीपुरवा में मुबश्शिर हुसैन के मकान से त्रिवेनी प्रसाद शुक्ला के मकान के आगे तक नाली एवं इटरलाकिंग का कार्य। | 386400.00 | 7730.00 | 385.00 | 69.00 | 454.00 | 1 माह |
| 5 | मो0 नाजिरपुरा पूर्वी में निजामुद्दीन के मकान से आयशा के मकान तक और शम्भू व मदरसा के पास नाली एवं इंटरलाकिंग का कार्य। | 193104.00 | 3870.00 | 190.00 | 34.00 | 224.00 | 1 माह |
| 6 | मो0 सलारगंज / हमजापुरा में रविदास मन्दिर से तिराहा होते हुए कंचन के मकान तक नाली का उच्चीकरण का कार्य। | 294020.00 | 5880.00 | 290.00 | 52.00 | 342.00 | 1 माह |
| 7 | मो0 नौवागढ़ी में श्री राम उजागर पाण्डेय, कुमार वाटिका, डा0 रजत मिश्रा, विजेन्द्र शर्मा आदि के मकान के पास नाली क्रासिंग का कार्य। | 166996.00 | 3340.00 | 165.00 | 30.00 | 195.00 | 1 माह |
| 8 | मो0 नाजिरपुरा पश्चिमी में मिस्त्री चाय वाले, हज्जिन मस्जिद और रशीदिया मस्जिद के पास नाली क्रासिंग एवं इंटरलाकिंग का कार्य। | 188490.00 | 3770.00 | 185.00 | 33.00 | 218.00 | 1 माह |
| 9 | देहात कोतवाली परिसर में इंटरलाकिंग का कार्य। | 499584.00 | 10000.00 | 500.00 | 90.00 | 590.00 | 1 माह |
| 10 | मो0 ढपालीपुरवा में श्री कन्हैया लाल एवं जहीर आलम के पास नाली एवं क्रासिंग और पत्थर ढलाई का कार्य। | 187303.00 | 3750.00 | 185.00 | 33.00 | 218.00 | 1 माह |
| 11 | मो0 वजीरबाग में मन्दिर से अरविन्द के मकान होते हुए जहांगीर के मकान तक नाली एवं इंटरलाकिंग का कार्य। | 343077.00 | 6870.00 | 340.00 | 61.00 | 401.00 | 1 माह |
| 12 | मो0 नव्वागढ़ी में शराब भट्ठी से हीरो एजेंसीज होते हुए श्री प्रेम बाबू जालान के मकान तक साइड पटरी का इंटरलाकिंग कार्य। | 497957.00 | 9960.00 | 495.00 | 89.00 | 584.00 | 1 माह |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | मो0 चांदपुरा में किशन कुमार, प्रेम, रमेश, हाजी लल्लन, नदीम, उस्मान, रामसरन, मोहन, जर्राह के घर के पास क्रासिंग नाली एवं इंटरलाकिंग का सुधार का कार्य। | 184969.00 | 3700.00 | 180.00 | 32.00 | 212.00 | 1 माह |
| 14 | गुदड़ी चौराहा से पुरबिन मन्दिर तक और बब्बू के मकान से कन्धई के मकान तक नाली एवं इंटरलाकिंग का कार्य। | 416462.00 | 8330.00 | 410.00 | 74.00 | 484.00 | 1 माह |
| 15 | मो0 बशीरगंज में रामलीला ग्राउण्ड झिंगहा घाट के पास मिल के बगल से आरा मशीन तक मार्ग पर नाली एवं इंटरलाकिंग एवं फर्श का कार्य। | 370737.00 | 7415.00 | 370.00 | 67.00 | 437.00 | 1 माह |
| 16 | मो0 नौरय्या में कैलाश होटल के पास शौचालय के सामने इंटरलाकिंग, स्लोप एवं शौचालय सुधार कार्य। | 114117.00 | 2285.00 | 110.00 | 20.00 | 130.00 | 1 माह |
| 17 | मुख्य मार्ग से जनपद न्यायधीश आवास तक सड़क पुनर्निर्माण कार्य। | 367817.00 | 7356.00 | 365.00 | 66.00 | 431.00 | 1 माह |

## शर्ते

1. निविदा के सीलबन्द लिफाफे पर निविदा कार्य संख्या एवं कार्य का नाम अंकित करना अनिवार्य होगा।
2. सीलबन्द निविदायें नगर पालिका परिषद बहराइच के निर्माण अनुभाग में रखे निविदा बाक्स में दिनांकः 07.03.2025 को अपरान्ह 03:30 बजे तक ही डाली जायेंगी, जो उसी दिन अपरान्ह 04:30 बजे सहायक अभियन्ता (सिविल) एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच के द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी।
3. टेण्टर के साथ प्रत्येक कार्य हेतु पृथक–पृथक 02 प्रतिशत जमानत धनराशि की एफ०डी०आर० / टी०डी०आर० / सी०डी०आर० / एन०एस०सी० जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद बहराइच के पदनाम से बंधक हो संलग्न करना अनिवार्य है, अन्यथा निविदा की स्वीकृति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।
4. अपरिहार्य कारणों से यदि निविदा प्रपत्रों की बिक्री एवं प्राप्त होने तथा खालने की तिथि पर किसी कारणवश कार्यालय बन्द रहता है, तो निविदा बिक्री एवं प्राप्त होने तथा खालने की कार्यवाही अगले कार्य दिवस में की जायेगी, स्थान व समय तथा निविदा की वैधता अवधि पूर्ववत् रहेगी।
5. निविदा की स्वीकृति / कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात् ठेकेदार / फर्म द्वारा कार्य स्थल पर लगाये जाने वाले श्रमिकों का पंजीकरण श्रम विभाग में एक सप्ताह के भीतर कराकर पंजीयन प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराना होगा।
6. कार्य स्थल पर कार्य प्रारम्भ कराने से पूर्व शासन के दिशा निर्देशानुसार स्थल पर साइनबोर्ड लगाना होगा तथा कार्य स्थल का त्रिस्तरीय चित्र साइनबोर्ड सहित कार्यालय में उपलब्ध कराना होगा।
7. निविदा स्वीकृति उपरान्त कार्यादेश निर्गत होने के पश्चात कार्य प्रारम्भ होने की सूचना अवर अभियन्ता / सहायक अभियन्ता नगर पालिका परिषद, बहराइच को देना होगा तथा स्थल पर कार्य अवर अभियन्ता / सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार पूर्ण कराया जायेगा।
8. कार्य स्थल पर निरीक्षण के दौरान यदि कार्य की गुणवत्ता में कोई कमी पायी जाती है, तो ठेकेदार को तत्काल अवर अभियन्ता / सहायक अभियन्ता के निर्देशानुसार कार्य को मानक के अनुरूप कराना होगा, अन्यथा कराये गये कार्य का भुगतान किया जाना सम्भव न होगा।
9. नगर पालिका परिषद बहराइच में पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों के अतिरिक्त अन्य विभाग में पंजीकृत ठेकेदार / फर्मों को टेण्डर प्रपत्रका क्रय करने के समय विभाग का पंजीकरण प्रमाण–पत्र की छायाप्रति साथ में संलग्न करना होगा।
10. प्राप्त न्यूनतम निविदा की स्वीकृति उपरान्त न्यूनतम निविदादाता (नगर पालिका परिषद बहराइच के पंजीकृत ठेकेदार / फर्म को छोड़कर) को अनुबन्ध से पूर्व नगर पालिका परिषद, बहराइच में नियमानुसार पंजीकरण कराना होगा तदोपरान्त नियमानुसार कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।

11. उक्त कार्यों हेतु पृथक–पृथक तीन–तीन निविदायें प्राप्त होने पर ही निविदा की स्वीकृति पर विचार किया जायेगा।
12. प्राप्त किसी भी निविदा अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त किये जाने का अधिकार अध्यक्ष महोदय नगर पालिका परिषद, बहराइच को होगा। इस सम्बन्ध में किसी का कोई दावा स्वीकार नहीं होगा।
13. निविदादाता के हैसियत/चरित्र प्रमाण पत्र निर्धारित समयावधि के अन्दर के होने चाहिये। हैसियत/चरित्र प्रमाण–पत्र की वैधता अवधि समाप्त हो जाने वाले ठेकेदारों/फर्मों की निविदाओं पर विचार नही किया जायेगा।
14. उपरोक्त समस्त शर्तों का पालन ठेकेदार/फर्मों को करना होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा की स्वीकृति पर विचार नहीं किया जायेगा।
15. उक्त निविदा सूचना में अंकित निविदा की धनराशि में 18 प्रतिशत जी०एस०टी० की धनराशित सम्मलित नहीं है, जिसका भुगतान नियमानुसार बिल की धनराशि में सम्मिलित करते हुए किया जायेगा।

**(प्रमिता सिंह)**
अधिशासी अधिकारी
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

Sudha devi
**(सुधा देवी)**
अध्यक्ष
नगरपालिका परिषद
बहराइच।

**पृ0सं0 एवं दिनाँक–उपरोक्त**

**प्रतिलिपि–**

1– जिलाधिकारी महोदय को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
2– प्रभारी अधिकारी महोदय स्थानीय निकाय बहराइच को सूचनार्थ प्रेषित।
3– नगर पालिका परिषद बहराइच के नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
बहराइच।